## महत्वपूर्ण एवं खास

### बहन को मार रहे जीजा की साले ने की हत्या

**जशपुर (आरएनएस)।** अपने जीजा द्वारा दीदी की पिटाई से नाराज साले ने कुल्हाड़ी से काटकर जीजा की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने 16 वर्षीय बालक को हिरासत में लेकर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना थाना सन्ना क्षेत्र की है। सन्ना क्षेत्र में 30 वर्षीय महिला का एक जनवरी को अपने पति के साथ विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपी पति उसे हाथ मुक्के से मारने लगा। पीड़िता अपने आप को बचाने के लिए पास में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां चली गई। यहां पर आरोपी पति भी आ गया और घर से पत्नी को निकालकर फिर से मारपीट करने लगा। घटना के दौरान पीड़ित महिला का छोटा भाई भी मौजूद था। बहन को मार खाता देख वो अपने जीजा को ऐसा करने से रोकने लगा। जीजा ने जब बात नहीं मानी और पत्नी को पिटता रहा तो नाबालिग लडक़े ने पास रखे कुल्हाड़ी से अपने जीजा की कनपटी और गले में हमला कर दिया। इस हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आरोपी बालक की बहन ने ही अपने भाई के खिलाफ थाने में शिकायत कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बालक को हिरासत में लेकर बाल संप्रेशण ग्रह भेज दिया गया है।

### चरित्र शंका तथा जादू टोने के शक में पत्नी पर जानलेवा हमला

**कोरबा (आरएनएस)।** चरित्र शंका तथा जादू टोने के शक में एक पति ने अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि मौके पर मौजूद युवकों ने पुलिस की मदद से महिला को अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचा ली। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना रामपुर पुलिस चैकी के ओपन थियेटर घंटाघर की है। घायल रानू वस्त्रकार बालको चेक पोस्ट की रहने वाली है। रवि वस्त्रकार और रानू ने दस साल पहले प्रेम विवाह किया था. बताया जा रहा कि मंगलवार सुबह रवि ने अपनी पत्नी से कहा कि चलो कोरबा चलते हैं, मुझे वहां काम है तथा तुम्हें घुमा लाता हूं। इसके बाद दोनों कोरबा आ गए और घंटाघर ओपन थिएटर के पास बैठ हुए थे। इस दौरान पति ने वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि पति पत्नी पर टोना जादू और चरित्र संदेह को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। वारदात के बाद आरोपी भागने की फिराक में था, जिसे लोगों ने पकड़ लिया तथा उसकी पिटाई कर दी। फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने रवि की पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है। वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

### फर्जी हस्ताक्षर कर दूसरे के जमीन पर किया कब्जा

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम सिलयारी में फर्जी हस्ताक्षर कर दूसरे की जमीन को अपने नाम कराने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिंधी कैंप तिल्दा नेवरा निवासी अजय निहिचलानी 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके दादा नानकराम निहिचलानी के नाम पर खेत है। जिसे आरोपी संजय निहिचलानी ने फर्जी हस्ताक्षर कर अपने नाम करा लिया।

### पीएमएनए अप्रेंटिसशिप मेला का 9 को होगा आयोजन

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत 9 जनवरी को सुबह 9 बजे पीएमएनए अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप, प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। सभी शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ इस मेला में सम्मिलित होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# दिव्यांगता का हवाला देकर भू-विस्थापित को नौकरी से वंचित करने पर एसईसीएल कुसमुण्डा जीएम को नोटिस

- महिला स्वसहायता समूह को मिलेगी कोविड काल में किए गए भोजन आपूर्ति की राशि
- गढक़लेवा संचालन के लिए या स्वसहायता समूह को कटघोरा में मिलेगा भवन
- कलेक्टर संजीव झा ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश
- जनचौपाल में 104 आवेदन हुए प्राप्त

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर संजीव झा ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जनचौपाल में आमजनों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनचौपाल में आज 104 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। जनचौपाल में ग्राम सोनपुरी निवासी गुरूदयाल सिंह कंवर ने एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र के द्वारा उनके भूमि अर्जित करने के पश्चात् दिव्यांगता का हवाला देकर नौकरी नहीं देने की शिकायत की। कलेक्टर झा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दिव्यांगता एक्ट का पालन नहीं करने पर एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र के महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भू-विस्थापित गुरूदयाल ने बताया कि उनके पिता के नाम से गेवरा बस्ती में स्थित लगभग दो एकड़ भूमि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा अर्जित किया गया है। भूमि अधिग्रहण के पश्चात् प्रबंधन द्वारा उनका चयन नौकरी के लिए किया गया। तत्पश्चात् गुरूदयाल की आंख में समस्या बताकर मेडिकल अनफिट करार देते हुए नौकरी के लिए घुमाया जा रहा है। भू-विस्थापित कंवर ने बताया कि वह अपने पुत्र अमर कुमार कंवर को उनके स्थान पर नौकरी दिलवाना चाहता है। जिसके लिए कई बार कुसमुण्डा क्षेत्र के अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका है। प्रबंधन द्वारा गुरूदयाल सिंह के मेडिकल अनफिट के समय उनके पुत्र को नाबालिक बताकर कई वर्षों से नौकरी के लिए लंबित रखा गया है। उन्होंने नौकरी नहीं मिलने पर परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने की जानकारी देते हुए प्रबंधन से नौकरी दिलवाने के लिए कलेक्टर झा से निवेदन किया। कलेक्टर ने प्रबंधन के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। आज आयोजित जनचौपाल में अपर कलेक्टर द्वय विजेंद्र पाटले एवं प्रदीप साहू, डीएफओ कोरबा अरविंद पीएम, डीएफओ कटघोरा प्रेमलता यादव, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम के आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

जनचौपाल में नव दुर्गा महिला स्वसहायता समूह ढोंढीपारा कोरबा के सदस्यों ने कोरोना संकट काल में कोविड अस्पतालों में आपूर्ति किए गए नाश्ता एवं भोजन के लंबित भुगतान राशि की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किए। सदस्यों ने बताया कि कोविड काल में ट्रामा सेंटर, एसईसीएल हॉस्पिटल, टॉप इन टाउन होटल, रशियन हॉस्टल, बुधवारी हॉस्टल एवं अन्य स्थानों में भोजन आपूर्ति के व्यय के रूप में लगभग 25 लाख रूपए का भुगतान लंबित है। सदस्यों ने लंबित देयक का भुगतान करवाने के लिए कलेक्टर से मांग की। कलेक्टर झा ने समूह के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए आवेदन को समय सीमा प्रकरण अंतर्गत दर्ज करते हुए लंबित देयकों का भुगतान जल्द से जल्द करवाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसी प्रकार कटघोरा की या स्वसहायता समूह के सदस्यों ने गढक़लेवा संचालन के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग कलेक्टर से की। उन्होंने यात्री प्रतीक्षालय कटघोरा के सामने पुराने पशु चिकित्सालय में रिक्त शासकीय भवन को गढक़लेवा संचालन के लिए आबंटित करने का निवेदन किया। कलेक्टर ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए उपरोक्त शासकीय भवन के एक भाग को महिला समूह को गढक़लेवा संचालन के लिए आबंटित करवाने के निर्देश अपर कलेक्टर को मौके पर ही दिए। आज आयोजित जनचौपाल में उपरोक्त शिकायत व मांगों के अतिरिक्त इसी प्रकार जनचौपाल में नागरिकों ने राशन कार्ड, पेंशन, राजस्व संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर संजीव झा ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए।

## धान खरीदी केन्द्र नागपुर में 70 बोरा अमानक धान जब्त

- कलेक्टर ने औचक निरीक्षण के दौरान की कार्यवाही
- अमानक धान लेकर आने वाले व्यापारी कृषक का शेष रकबा समर्पित



**रायपुर (आरएनएस)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कलेक्टर एस. ध्रुव ने आज मनेन्द्रगढ़ ब्लाक के धान खरीदी केन्द्र नागपुर के औचक निरीक्षण के दौरान वहां समर्थन मूल्य पर धान बेचने आए व्यापारी कृषक विजय शंकर जायसवाल का 70 अमानक धान जब्त किए जाने की कार्यवाही की। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान व्यापारी कृषक विजय शंकर जायसवाल द्वारा बेचने के लिए लाए गए धान का मुआयना करने पर यह पाया कि धान की क्वालिटी ठीक नहीं है। बोरे में भरे नये धान के साथ पुराना बदरा धान की मिलावट की गई है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से जायसवाल द्वारा लाए गए धान की पलटी कराई तो उसमें बड़ी मात्रा पुराना सुरही लगा बदरा धान भरा हुआ था। कलेक्टर ने इस मामले में जब पूछताछ की तो जायसवाल ने यह स्वीकार किया कि उसने 70 बोरे धान में 25 बोरा पुराने धान की मिलावट की है, जिसे उसने किसानों से पहले खरीदा था।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि विजय शंकर जायसवाल कोचिया का भी काम करता है। कलेक्टर ने जायसवाल के उक्त कृत्य को लेकर नाराजगी जताई और उसके नाम पर दर्ज शेष रकवा का समर्पण किए जाने की कार्यवाही भी की. ताकि वह आगे इस तरह का कृत्य न कर सके। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी को धान खरीदी में पूरी तरह सतर्कता बरतने और अमानक धान न खरीदे जाने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी और मिली भगत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कोचियों पर कड़ी निगाह रखने और गड़बड़ी करने वाले के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ध्रुव ने धान खरीदी केन्द्र चैनपुर और बरबसपुर का भी निरीक्षण कर धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान बेचने आए कृषकों से चर्चा की और धान बेचने के एवज में भुगतान के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों को मानक स्तर का धान बेचने के लिए खरीदी केन्द्र में लाने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के समान ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोदो, कुटकी, रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने किसानों से अपनी उच्चहन और पड़ती भूमि में कोदो, कुटकी रागी की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## गोधन न्याय योजना पर बनी हल्बी फिल्म गोधन 26 को दिखाई जाएगी



**जगदलपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार की महत्वाकांछी योजना नरवा, गरवा, धुरवा और बाड़ी संचालित है, योजना की सफलता को देखते हुए पहली बार बस्तर जिले में हल्बी भाषा में गोधन नाम से फिल्म बनाई गई है। यह फिल्म 26 जनवरी के मौके पर सिनेमाघर में दिखाई जाएगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। हल्बी भाषा में बनाई गई इस फिल्म को लेकर इसके डायरेक्टर सूर्या ताम्रकार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की इस योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इसके जरिए उन्हें रोजगार मिल रहा है, तो वहीं दूसरी ओर उनकी आय भी बढ़ रही है। इसको देखते हुए करीब सालभर पहले इस योजना के नाम से फिल्म बनाने के बारे में सोचा था, जो एक साल के अंदर तैयार हो गई है। ताम्रकार ने कहा कि सरकार की इस योजना की जानकारी हर किसी को मिले इसके लिए एक कैलेंडर बनाया गया है। जिसका विमोचन कृषि मंत्री रवींद्र चौबे और बस्तर जिला प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने किया। यह कैलेंडर लोगों को मुफ्त में दिया जा रहा है। फिल्म में स्थानीय कलाकारों ने काम किया है।

## पिता ही निकला हत्यारा : मोबाइल पर हमेशा बात करती थी बेटी, मना करने पर नहीं मानी तो उतारा मौत के घाट

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** तीन साल पुराने हत्या के अनसुलझे मामले को गीदम पुलिस ने सुलझाया लिया है. प्रार्थी पिता ही अपनी बेटी का हत्यारा निकला. आरोपी पिता ने अपनी लडक़ी की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया था. आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी लडक़ी मोबाइल फोन में लगातार बात करती रहती थी. मना करने पर नहीं मानती थी, जिससे हमेशा विवाद होता था. इसके चलते आवेश में आकर उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने साल के अंत में लंबित गंभीर मामलों के संबंध में क्राइम मीटिंग लेकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए थे. थाना गीदम में दर्ज तीन वर्ष पुराने अनसुलझे हत्या के प्रकरण में एसपी ने बारीकी से अध्ययन कर दिशा निर्देश दिए थे. रामकुमार वर्मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा एवं आशा रानी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में मामले की पुन: बरीकी से विवेचना की गई. घटना के संबंध में 21 अगस्त 2019 को प्रार्थी सोनधर नाग पिता मंनसू नाग ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी लडक़ी अंजू नाग फांसी लगा ली है. रिपोर्ट पर थाना गीदम में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था. जांच के दौरान मृतिका कुमारी अंजू नाग का गला दबाकर हत्या करना एवं फांसी पर टांगना पाया गया. विवेचना के दरम्यान प्रार्थी एवं अन्य संदेहियों से लगातार पूछताछ की गई, जिस पर आरोपी का पता नहीं चल पा रहा था. चूंकि घटना के पहले एवं बाद में मृतिका अंजू नाग पिता सोनधर नाग और मृतिका ही घर में उपस्थित थे इसलिए प्रार्थी के उपर ही शंका हो रही थी, लेकिन आरोपी प्रारंभ से ही पुलिस को गुमराह कर रहा था और हत्या को आत्महत्या बताता रहा।

## छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक : राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 8 से 10 तक




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक 2022-23 का राज्य स्तरीय आयोजन अब 08 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक राजधानी रायपुर के विभिन्न खेल मैदानों के साथ-साथ इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा।

राज्य स्तरीय छत्तीसगढिय़ा आलंपिक का उद्घाटन समारोह 08 जनवरी को प्रात: 11 बजे से सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के सभी 14 खेल विधाओं की प्रतियोगिता सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम बुढ़ापारा, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय खेल परिसर और स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित किए जाएंगे।

उद्घाटन समारोह और समापन समारोह में प्रतिभागियों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाऐंगे। समापन समारोह में आकर्षक आतिशबाजी भी की जाएगी। समापन समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा-रायपुर में 10 जनवरी की शाम में किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए 07 जनवरी से 09 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई थी जिसे बदल कर 8 से 10 जनवरी कर दिया गया है।

## कोठी को ढहा कर दंतैल ने किया धान व हीरवा को किया चट



**कोरबा (आरएनएस)।** वन विभाग के तमाम कोशिशों के बावजूद जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां के केंदई व पसान रेंज में घूम रहे हाथियों ने बीती रात एक बार फिर उत्पात मचाते हुए पसान रेंज के जल्के सर्किल अंतर्गत ग्राम सरमा में एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। इतना ही नहीं दंतैल ने पीडि़त ग्रामीण के कोठी में रखे धान व हीरवा को चट कर दिया। बस्ती में ग्रामीण का घर तोडऩे के बाद हाथी खेतों में भी पहुंच गए और वहां लगे अरहर की फसल को रौंद दिया। हाथियों के सरमा पहुंचने तथा उत्पात मचाकर घर तोड़े जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की।

जानकारी के अनुसार 12 हाथी पसान के जल्के सर्किल में घूम रहे हैं। इस दल में शामिल दंतैल तडक़े गांव पहुंचा और जीवराखन नामक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए उसे नेस्तनाबुद कर दिया। घर की दीवार तोडऩे के बाद हाथी अंदर प्रवेश किये और कोठी में रखे धान व हीरवा को चट कर दिया। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाए जाने पर हाथी जंगल का रूख किया। दंतैल के साथ पहुंचे अन्य हाथियों ने खेतों में लगे अरहर को भी चौपट कर दिया। क्षेत्र में हाथियों के लगातार उत्पात से ग्रामीण काफी परेशान हैं। उनके द्वारा वन विभाग तथा जिला प्रशासन से हाथी समस्या के स्थायी समाधान तथा सुरक्षा की लगातार गुहार लगाई जा रही है लेकिन अब तक न तो जिला प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाया गया है और न ही वन विभाग की ओर से कोई कार्यवाही की जा रही जिससे ग्रामीणों में भय के साथ ही गहरा आक्रोश भी है। इधर कोरबा वनमंडल अंतर्गत करतला रेंज में भी हाथियों का डेरा लगातार बना हुआ है। यहां 25 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं। इस दल में शामिल एक दंतैल हाथी बीती रात झुंड से अलग होकर ब्लॉक मुख्यालय में स्थित कोसाबाड़ी पहुंच गया और वहां लगे साग-भाजी को रौंद दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## कोदो, कुटकी, रागी जैसे फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को करे प्रोत्साहित : कलेक्टर

- एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित
- कृषि क्षेत्र किसानों के लिए आमदनी अर्जित करने का बने सशक्त माध्यम, कार्य योजना करें निर्धारित

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग के अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉम्र्स आत्मा योजना अंतर्गत गवर्निंग बोर्ड की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को कृषि क्षेत्र के अंतर्गत अधिक आमदनी अर्जित करने और नए फसलों के उत्पादन लेने के लिए उन्हें समय-समय पर विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षित कराएं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र किसानों के लिए आमदनी अर्जित करने का सशक्त माध्यम बने, इसके लिए विशेष रणनीति निर्धारित करें। जिले में कोई विशेष किस्म के धान की फसल तैयार करें , जिससे जिले का नाम उस धान के नाम से जाना जाए। वर्तमान में कोदो, कुटकी, रागी जैसे फैसलों की मांग बड़े पैमाने पर बढ़ी है। इसे ध्यान में रखते हुए इन फसलों को लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर किसान सभा, संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दें। उन्होंने कहा कि किसानों को वर्मी कंपोस्ट खाद के लाभ की जानकारी दें। जिससे किसान इसका उपयोग कर जैविक तरीके से खेती कर सकें और आमदनी बढ़ा सकें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जो अग्रणी कृषक हैं, उनका चयन कर उन्हें एक किसान संगोष्ठी के माध्यम से अवसर मुहैया कराएं और उन्हें अपने फसल उत्पादन के अनुभव को अन्य किसानों से साझा करने मंच उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि रीपा योजना अंतर्गत कृषि सेक्टर के लिए जगह चिन्हित कर उद्यानिकी, मत्स्य पालन के लिए किसानों को प्रेरित करें। महिलाओं को केंचुआ उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करें। किसानों को अच्छे गौठानों का भ्रमण कराएं और कंपोस्ट खाद उत्पादन के साथ-साथ योजना के लाभ से अवगत करायें।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि गोधन योजना से किसानों की आमदनी बढ़ी है और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के नए नए स्रोत विकसित हुए हैं। आत्मा योजना अंतर्गत जिला वार्षिक कार्य योजना के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य एवं प्रगति के कार्योत्तर का अनुमोदन एवं परिचर्चा की गई। जिला वार्षिक कार्ययोजना, आत्मा योजना अंतर्गत कोदो एवं रागी प्रसंस्करण इकाई स्थापना हेतु अनुमोदन एवं चर्चा की गई। आत्मा योजना अंतर्गत कार्यरत संविदा स्टाफ की सेवा अवधि विस्तार पर भी बात की गई। बैठक में आत्मा योजना अंतर्गत समिति के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखें एवं कृषि को आमदनी के क्षेत्र में सशक्त बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी दिये। इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि टीकम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी व कृषक उपस्थित थे।